**B.A. (Honours) Semester-III Examination 2016**
**Hindi (Honours)**
**Course - H-6**
**आधुनिक कविता : भाग - 1**

**Time : 3 Hours** **Full Marks : 40**

Questions are of value as indicated in margin

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 8×2=16

(क) गावैं भौंर गूँजि पात खरक मृदंग
गुनी को अखारो लिए प्रात-पौन संग।
काम में चैतन्य करै देत है जगाय
मित्र उपदेश बन्यो मोर पौन आय।

(ख) रह काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह,
लेता हूँ मैं कुछ और टोह,
कब तक देखूँ चुपचाप, ओह!
आने जाने की धूम-धाम?
ओ क्षणभंगुर भव, राम राम।

(ग) पूर्व युग-सा आज का जीवन नहीं लाचार,
आ चुका है दूर द्वापर से बहुत संसार;
यह समय विज्ञान का, सब भाँति पूर्ण, समर्थ;
खुल गये हैं, गूढ़ संसृति के मित गुरु अर्थ।
चीरता तम को, सँभाले बुद्धि की पतवार,
आ गया है ज्योति की नव भूमि में संसार।

(घ) काली तू, रजनी भी काली,
शासन की करनी भी काली,
काली लहर कल्पना काली,
मेरी काल कोठरी काली,
टोपी काली कमली काली,
मेरी लोह-शृंखला काली,
पहरे की हुंकृति की व्याली,
तिस पर है गाली, ऐ आली!

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए– 12×2=24

(क) भारतेन्दु के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'यशोधरा' के काव्य की संवेदना पर विचार कीजिए।

(ग) भारतीय स्वतंत्रता के परिप्रेक्ष्य में माखनलाल चतुर्वेदी की कविताओं का मूल्यांकन कीजिए।

(घ) 'कुरुक्षेत्र' का महत्त्व निरूपित कीजिए।

---